हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 जनवरी 2026

11 डॉ. आंबेडकर भवन के अधूरे पड़े विकास कार्यों को...



12 डीएमसी का आश्वासन...10 दिन में खाते में होगा...



## सर्दी के मौसम को देखते हुए डीसी ने जारी की एडवाइजरी

# ठंड का कहर जारी, कल सक्रिय होगा उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर नया पश्चिमी विक्षोभ, बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हाड़कंपा देने वाली ठंड का सितम लगातार जारी है। जिससे सम्पूर्ण इलाके में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र में सुबह से शाम तक बर्फिली उत्तरी हवाओं से दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं। वहीं सूर्य की चमक फीकी पड़ने से कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिल रही है, जबकि रात्रि तापमान भी सिंगल डिजिट में बने हुए।

सुबह से शाम तक चलने वाली बर्फिली हवाओं से आमजन में कंपकंपी व सिहरन बढ़ गई है। जिसके चलते आमजन घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वहीं ठंड से बचाव हेतु अलावों व गर्म कपड़ों को सहारा लेते नजर आ रहे हैं। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन तथा रात का तापमान क्रमशः 13.6 व 4.0 डिग्री सेल्सियस तथा 15.0 व 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड तीखे तेवरों से आगाज करेंगी। अधिकतर स्थानों पर सुबह कोहरा के साथ शीत डे व कुछ स्थानों शीतलहर के साथ पाला जमने की गतिविधियों को दर्ज किया जाएगा। वहीं एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ नौ जनवरी को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में केवल बादलों की आवाजाही व हरियाणा के दक्षिणी पूर्वी हिस्से में केवल एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी की सम्भावना है।

### ठंड से बचने के लिए क्या करें व क्या न करें

ठंड से बचने के लिए ढीले ढाले ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। शरीर को सूखा रखें। रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। नियमित अंतराल पर गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। हीटर का उपयोग करते समय वेंटिलेशन का ध्यान रखें, ताकि जहरीली गैसों से बचा जा सके। कपकपी को नजरअंदाज न करें, यह शरीर में गर्मी की कमी का पहला संकेत है। ऐसी स्थिति में तुरंत घर के अंदर जाएं। अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक बाहर जाने या यात्रा करने से बचें।

**कृषि व पशुपालन के लिए:** किसानों को फसलों में हल्की सिंचाई करने व पशुओं को ढके हुए स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है। शीतलहर के दौरान जहां भी संभव हो हल्की और लगातार सतही सिंचाई पानी की उच्च विशिष्ट ऊष्मा करें। यदि संभव हो तो स्प्रिंकलर सिंचाई का उपयोग करें। शीतलहर के दौरान पशुओं को खुले में न बांधें व घूमने न दें। शीतलहर के दौरान पशुओं को बाहर न ले जाएं। पशुओं को ठंडा चारा व ठंडा पानी न दें। पशु आश्रय में नमी और धुएं से बचें।



नारनौल। सुबह के समय आसमान में छाए बादल। फोटो: हरिभूमि

### रैन बसेरे में सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश

हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सर्दी के मौसम को देखते हुए जिले के नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा सभी नागरिक भविष्य में आने वाली शीतलहर की स्थिति को देखते हुए स्थिति पर कड़ी नजर रखें। शीतलहर की स्थिति के लिए उचित एहतियाती उपाय करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी रैन बसेरों में बेघरों के लिए कंबल व बिस्तर युक्त रेन बसेरों का प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह बेघर हो या अन्य खुले में न सोए। किसी भी आपात स्थिति में सूचना प्राप्त करने या मदद के लिए टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि बेघर और शहरी गरीबों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है, जहां भोजन, पानी और बिस्तर की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों को दवाओं, स्टाफ व हीटिंग सुविधाओं के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कांटी गांव में मकर संक्रांति पर मेला

**मंडी अटेली।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर बाबा गणेशदास जी का मेला गांव कांटी में 14 जनवरी को लगेगा। बाबा गणेशदास मेला कमेटी व गांव की ओर से आयोजित होने वाले मेले में कुश्ती दंगल व देसी घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रधान हीरासिंह ने बताया कि मेले में 51 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की कुश्तियां होंगी। मेले में रात्रि को बाबा का कीर्तन व भजन भी होंगे।

### श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक आमसभा 11 को

**नांगल चौधरी।** श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक आमसभा 11 जनवरी को भगवान परशुराम भवन में होगी। जिसमें सालभर का लेखाजोखा प्रस्तुत करने के बाद विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राधेश्याम शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर एक बजे बैठक होगी। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों समेत समाज के आमजन को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।

### कनीना के पार्कों की देखरेख करेगा संगठन

**कनीना।** कनीना में पार्कों की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए ठेका छोड़ दिया गया है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से युवा इंकलाब संगठन को पार्कों के रखरखाव का काम सौंपा गया है। यह एजेंसी शीघ्र ही अपना कार्य शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि पितामह कन्ह सिंह पार्क, शहीद सुजान सिंह पार्क व गणेश पार्क, शहीद स्मारक के पास के रखरखाव की जिम्मेवारी उपरोक्त एजेंसी की होगी। एक जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2027 तक इन पार्कों की देखरेख युवा इंकलाब संगठन की होगी। जिसके लिए 1179398 का बजट स्वीकृत किया गया है।

## नए युवा पुलिस कर्मी संभालें व्यवस्था तो पुलिस व अपराधियों के बीच की टूट सकती है कड़ी

# नारनौल शहर में नशा व अपराध का बढ़ रहा ग्राफ

> अभिभावकों को जहां अपने बच्चों को लेकर टेंशन होने लगी है, वहीं समाज में भी इसका असर पड़ने लगा है

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

शहर नारनौल जिला ही नहीं पूरे हरियाणा में सबसे शांति प्रिय शहरों में शुमार था। अब इसे नजर लगने लगी है। यहां अपराध अलग-अलग तरीके से फल फूलने लगा है। जो नशा कारोबार पहले गांव या दूसरे जिले की सीमा तक सीमित था, वह अब शहर के भीतर जड़ों तक पहुंच गया है। छोटे छोटे ग्रुप बना अब गैंग का रूप लेने लगे है। ऐसी शहर में दो से तीन गैंग है।

पहले इनका काम लड़ाई झगड़ा कर अपना वर्चस्व स्थापित करना था। अब यहीं ग्रुप लड़ाई झगड़े के साथ-साथ नशा कारोबार करने लगा है। किशोर अवस्था में आए लड़के जब तक अच्छा बुरा समझने लगे, उससे पहले ही उन्हें नशा व अपराध की दुनिया में शामिल करने का सिलसिला शुरू हो गया है। अब हालात यह है कि ग्रुप में युवाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

एक कॉल पर 10 से 15 मिनट में सैकड़ों युवा एकत्रित हो जाते है और अपराध को अंजाम दे रहे है। अभिभावकों को जहां अपने बच्चों को लेकर टेंशन होने लगी है, वहीं समाज में भी इसका असर पड़ने लगा है। ऐसे में समय रहते पुलिस प्रशासन या सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई दी तो गिरफ्त में आने वाले युवाओं का भविष्य बदमाशी में नजर आएगा। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस इन बातों से बेखबर है।

पुलिस विभाग में बैठे आला अफसर चाहते है कि शहर हो या जिला अपराध मुक्त हो। अंदर की बात यह है कि इन आला अफसरों को कार्रवाई करने का निर्देश बरसों से बैठे नीचे के पुलिस कर्मचारियों को देने होते है। बस यहीं से दूसरा खेल शुरू हो जाता है। सबसे पहले जो बरसों से एक ही जगह या एक ही शहर में ड्यूटी कर रहे है, उनमें फेरबदल करने की जरूरत है ताकि अपराधियों की इस कड़ी को हटाया जा सके। पुलिस विभाग में कार्यरत नए युवा कर्मचारियों को फील्ड में उतारने की जरूरत है। अगर साधी वर्दी में पुलिस कर्मी आमजन में घुलमिल जाए तो नशे के इस कारोबार की जड़ तक पहुंचा जा सकता है। इस पर पुलिस के आला अफसरों को ध्यान देना होगा।



नारनौल। घटना के बाद सड़क पर पड़े गोली के खोल की तस्वीर उतारता पुलिस कर्मी।

### छलक नाला मार्ग 'बदमाशी गढ़'

शहर में ऐसे अनेक स्थान है जहां नशा बिक रहा है। लड़ाई झगड़े और नशे से जुड़े मामलों को खंगाले तो सामने आता है कि मोहल्ला मिश्रवाड़ा से लेकर मोहल्ला सलामपुरा के बीच छलक नाला 'बदमाशी गढ़' से प्रसिद्ध हो गया है। इस मार्ग में मिश्रवाड़ा से लेकर छोटा बड़ा तालाब, राधाकृष्णा पार्क, सलामपुरा मोहल्ले की श्याम कॉलोनी ऐसा एरिया है जहां बदमाशों की ज्यादा हलचल देखने को मिलती है। इसी एरिया में ज्यादा नशा और लड़ाई झगड़े हो रहे है। जहां से महिलाएं भी डरकर रास्ता पार करती है। पुलिस इस 'बदमाशी गढ़' कहे जाने वाले मार्ग पर पैनी नजर रखे तो शहर में किसी हद तक नशा व अपराध पर काबू पाया जा सकता है।

### गोलियां चली पर बचाव, दो खोल, एक जिंदा कारतूस मैगजीन मिली

सिटी पुलिस थाना में मोहल्ला मिश्रवाड़ा वासी जितेंद्र ने दी शिकायत में बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह दोस्त मनोज गुर्जर व सतीश के साथ बुलेरो गाड़ी में बैठकर हमारे मोहल्ला मिश्रवाड़ा से श्याम कॉलोनी जा रहे थे। उसी वक्त एमएएसडी स्कूल के पास राधा कृष्णा पार्क के नजदीक पहुंचा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार से एक थार गाड़ी आई, जिसकी नंबर प्लेट पर मिट्टी लगी हुई थी। उसने हमारी गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो गाड़ी रोक ली। फिर उस गाड़ी में से तीन लोग उतरे। जिनमें से एक को वह अच्छी तरह जानता है, उसका नाम शिवदयाल वासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा है और बाकी दो को वह नहीं जानता। शिकायकर्ता ने बताया कि आरोपित शिव दयाल ने पिस्टल निकाली और कोक करके मेरे ऊपर जान से मारने के प्रयास से गोली चलाई। साइड करके अपना बचाव किया, फिर भागा। बाकी दो युवक भी पीछे पकड़ने के लिए भागे, तभी पीछे भागते हुए गोली चलाई। अंधेरा होने और भागने की वजह से बच गया। जो दो साथी गाड़ी में थे, वे गोली चलने पर अपनी जान बचाकर गाड़ी लेकर भाग गए। भागकर घर पहुंचा और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। दोस्तों को भी घटना के बारे में बताया। शिवदयाल से जान का खतरा है। घटना की सूचना मिलने पर एएसआई विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम टीम भी पहुंची। घटना स्थल पर दो खोल और एक जिंदा कारतूस सहित मैगजीन मिली है। पूछताछ करने पर जितेंद्र वासी मिश्रवाड़ा मौके पर मिला, उसने लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने नामजद शिवदयाल व दो अन्य नाम ना मालूम व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# विधायक ने पंप हाउस का किया निरीक्षण

**पंप हाउस एमडी दो की लिफ्टिंग क्षमता को 80 क्यूसेक से बढ़ाकर 160 क्यूसेक किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विधायक कंवर सिंह यादव ने पंप हाउस एमडी दो, एमडी तीन, एमडी पांच व एमडी छह का दौरा कर वहां संचालित एवं प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग की ओर से जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़, प्रभावी एवं दीर्घकालिक रूप से सक्षम बनाने के लिए लिफ्टिंग क्षमता में वृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी व्यवस्था तथा समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के समय सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने विधायक कंवर सिंह यादव को अवगत कराया कि पंप हाउस एमडी दो की लिफ्टिंग क्षमता को 80 क्यूसेक से बढ़ाकर 160 क्यूसेक किया जा रहा है।

पंप हाउस एमडी तीन की क्षमता 55 क्यूसेक से बढ़ाकर 135 क्यूसेक, पंप हाउस एमडी पांव की क्षमता 25 से बढ़ाकर 65 क्यूसेक व पंप हाउस एमडी छह की लिफ्टिंग क्षमता 15 क्यूसेक से बढ़ाकर 45 क्यूसेक की जा रही है। इन कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्र की कुल जलापूर्ति क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस मौके पर सिचाई विभाग एक्सईएन आशुतोष कुमार व कर्मचारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। पंप हाउस का निरीक्षण करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिसोठ की पेपर लैस रजिस्ट्री शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिसोठ के मकान धारकों की पेपर लैस रजिस्ट्री होनी शुरू हो गई है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिसोठ प्रधान शमशेर सिंह यादव व प्रेस सचिव मुकेश चौहान ने बताया कि सरकार ने एक नवम्बर 2025 से पेपर लैस रजिस्ट्री बनानी शुरू की, तब से हाउसिंग बोर्ड रेजिस्टेंशन पोर्टल नहीं चल रहा था, जिसको लेकर कमेटी सदस्यों का एक पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल प्रधान शमशेर सिंह के नेतृत्व में सचिव मास्टर नित्यानंद यादव, कोषाध्यक्ष शिवलाल, सूबेदार सतबीर सिंह व गोपीचंद यादव ने 29 दिसंबर 2025 को विधायक कंवर सिंह यादव से मिला था और इस समस्या के बारे में उन्हें लिखित शिकायत दी थी।

विधायक कंवर सिंह यादव ने हाउसिंग बोर्ड चेयरमैन और प्रशासनिक अधिकारियों से बात करके इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था। कमेटी प्रधान व सचिव ने हाउसिंग बोर्ड का रेजिस्टेंशन पोर्टल चालू करवाने के बारे में एक पत्र हाउसिंग बोर्ड पंचकूला के प्रशासनिक अधिकारियों को मेल भी किया और उनसे लगातार बातचीत करने व कमेटी सदस्यों के अथक प्रयासों से हाउसिंग बोर्ड का रजिस्ट्रेशन पोर्टल चालू हो गया, अब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिसोठ के मकान धारक कन्वेंश डीड बनवा सकते है, एनओसी ले सकते है और अपने मकान की रजिस्ट्री करवा सकते हैं। हाउसिंग बोर्ड का रजिस्ट्रेशन पोर्टल चालू होने पर सात जनवरी को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिसोठ के मकान नंबर 158 की पेपर लैस रजिस्ट्री संतोष देवी पत्नी शमशेर सिंह के नाम बन गई है। रजिस्ट्री करवाने के लिए हाउसिंग बोर्ड कार्यालय रेवाड़ी से सोमवीर उपस्थित रहा।



महेंद्रगढ़। तहसील कार्यालय में मकान की पेपर लैस रजिस्ट्री करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

**जनगणना-2027** मोबाइल एप व डिजिटल टूल्स के माध्यम से होगी जनगणना

# प्रशासनिक सीमाओं को किया सील, कार्य के लिए 2100 प्रगणक और 350 पर्यवेक्षक होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि देश के भविष्य और ढांचागत विकास की आधारशिला है। लघु सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना-2027 के कार्य में रत्ती भर भी चूक न हो और इसे शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना कार्यों की सुगमता के लिए जिले की सभी प्रशासनिक सीमाओं को 31 दिसंबर 2025 से प्रभावी रूप से फ्रीज कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में जनगणना कार्य के लिए लगभग 2100 प्रगणक व 350 पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में सबसे पहले मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। यह कार्य अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच होना है। इस चरण में प्रत्येक भवन व मकान को नंबर दिया जाएगा और उनका विवरण दर्ज होगा। मकानों की गणना पूरी होने के बाद, दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। यह कार्य नौ फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा। एक मार्च से पांच मार्च 2027 तक रिवीजनल राउंड होगा, ताकि छूटे हुए व्यक्तियों को शामिल किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह से मोबाइल ऐप व डिजिटल टूल्स के माध्यम से की जाएगी। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पांवरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, सीटीएम डॉ. मंगल सेन के अलावा जनगणना मंडल प्रभारी जसबीर सिंह, जनगणना जिला समन्वयक अंकेत के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दोनों चरणों के सफल समापन पर दिया जाएगा मानदेय

*उपायुक्त ने कहा कि जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दोनों चरणों के सफल समापन के बाद कुल 25 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण के लिए नौ हजार व द्वितीय चरण के लिए 16 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व गांवों और वार्डों की सूची को अंतिम रूप दें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई गांव शहरी स्थानीय निकाय में पूर्ण या आंशिक रूप से शामिल हुआ है, तो उसे नियमों के अनुसार सूची में अपडेट करें।*



### रोडवेज चालक-परिचालक पर महिला यात्री से अभद्रता का आरोप

**नारनौल।** रोडवेज डिपो के बस के चालक-परिचालक को महिला यात्री के साथ अभद्रता करने के मामले में झुंझुनूं पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि महिला के साथ किराये को लेकर झुंझुनूं पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार नोएडा निवासी एक युवती दिल्ली से बीकानेर जाने के लिए हरियाणा रोडवेज बस में सवार हुई थी। यह बस दिल्ली से झुंझुनूं रूट तक चलती है। बस झुंझुनूं में बुधवार शाम को करीब छह बजे पहुंच गई। आरोप है कि जहां पर सभी सवारियां बस से उतर कर चली गई, लेकिन रोडवेज बस के चालक व परिचालक ने रात्रि करीब 12 बजे तक युवती का सामान नहीं दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच किराये को लेकर विवाद था। युवती अपना सामान लेने के लिए परेशान होती रही। ऐसे में रात्रि करीब 12 बजे युवती ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन पर अभद्रता की शिकायत की तथा बताया कि हरियाणा रोडवेज के चालक व परिचालक उसका सामान नहीं दे रहे हैं। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती का सामान दिलवाया। वहीं पुलिस युवती की शिकायत के आधार पर चालक व परिचालक को पकड़कर थाने ले गई। वहीं युवती बीकानेर के लिए रवाना हो गई।

# मारपीट करने के मामले में दो आरोपित पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी थाना पुलिस ने 20 दिसंबर की रात एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने और घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए नायन की ढाणियों के रहने वाले दो आरोपित अशोक व सुनील को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

ढाणी चीमा तन नायन निवासी शिकायतकर्ता सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बदमाशों ने उसके निर्माणाधीन मकान में सो रहे उसके भाई पर लोहे की रॉड व हथियारों से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपित अशोक निवासी ढाणी चीमा व सुनील निवासी ढाणी बडवाली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता लगाया कि आरोपितों ने आपसी रंजिश को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया था।




नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि




# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर

आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

अवेयरनेस
प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।




**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।



**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx(एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।

**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. योगेश कुलकर्णी
हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।




**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।



## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेडू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



फिटनेस
डॉ. माजिद अलीम

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, ख़ासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर

कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।

## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से इसी प्रक्रिया को दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।



**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *

हर्बल जोन
रेखा देशराज

कुछ समय पूर्व जानकारी सामने आई कि हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना गया है। इससे दुनिया भर में हल्दी के औषधीय गुणों को और महत्ता मिलेगी। हल्दी में कौन से हैं वे विशेष गुण, जिनकी वजह से इसे यह तमगा मिला, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# दुनिया कर रही स्वीकार हल्दी के औषधीय गुण



अंतरराष्ट्रीय जड़ी बूटी संघ (आईएचए) ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना है। यह एक पूर्व निर्धारित चयन है। दरअसल, आईएचए हर साल किसी एक जड़ी-बूटी को उसके औषधीय, पाक या सौंदर्य गुणों के कारण उस साल विशेष की जड़ी-बूटी का खिताब देता है और साल 2026 के लिए यह सेहरा हल्दी के सिर बंधा है।

**इसलिए मिला यह तमगा:** सवाल है, इस साल हल्दी को यह श्रेय क्यों मिला है? दरअसल, यह सदियों से आयुर्वेद की एक औषधीय जड़ी के साथ-साथ भारत में स्वाद और मसाले के रूप में प्रयुक्त होती रही है। इसके कई चिकित्सकीय और स्वास्थ्यरक्षक गुणों के कारण हाल के सालों में हल्दी पर जितने शोध हुए हैं, उतने शोध किसी और जड़ी-बूटी के हिस्से नहीं आए और इन शोधों से पता चला है कि हल्दी को हम जितना महत्वपूर्ण मानते हैं, वह उससे भी अधिक है। इसलिए आईएचए ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'साल की जड़ी बूटी' के रूप में चुना है। इसके कारण अब हल्दी की लोकप्रियता पहले से कई गुना ज्यादा हो जाएगी।



**कई रूपों में उपयोगी:** हल्दी को सदियों से भारत और दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में स्वास्थ्य, सौंदर्य, मसाले और औषधि के रूप में जाना जाता रहा है। चूंकि पिछले कई सालों से हल्दी को लेकर दुनिया में कई तरह के शोध अध्ययन हुए हैं, जिनमें पाया गया है कि हल्दी इम्यूनिटी बढ़ाने, शरीर के सूजन को नियंत्रित करने और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुणों से भरपूर होती है। इसलिए उसे इस साल जड़ी बूटियों की महारानी होने का गौरव हासिल हुआ है।

**भारत में सर्वाधिक उत्पादन:** दुनिया में जितनी हल्दी का उत्पादन होता है, उसमें 80 फीसदी हल्दी भारत में ही पैदा होती है। इसलिए दुनिया भर में जो हल्दी पाई जाती है, उसमें 70 से 80 फीसदी हिस्सा भारतीय हल्दी का ही होता है। अब क्योंकि हल्दी को इस साल की प्रमुख जड़ी-बूटी का खिताब मिला है, इस कारण इसका महत्व और बढ़ जाएगा। अभी तक हल्दी को लोग भारतीय मसाला या दादी-नानी का औषधीय नुस्खा माना करते थे, पर अब हर्ब ऑफ द ईयर टैग पाने के बाद यह फोक या लोकल मेडिसिन से निकलकर वैज्ञानिक और ग्लोबल वेलनेस के फ्रेमवर्क का मुख्य हिस्सा बन गई है। इस कारण अब हल्दी को स्टैंडर्ड हर्ब मान लिया गया है।

**हो रहे हैं नए रिसर्च:** अब दुनिया के दर्जनों यूनिवर्सिटीज में हल्दी को लेकर नए-नए एंगल से रिसर्च हो रहे हैं। अनेक फार्मास्युटिकल कंपनियां इसके विभिन्न उत्पादों का ट्रायल कर रही हैं। न्यूट्रास्यूटिकल प्रोडक्ट डेवलपमेंट में भी हल्दी का कोई सानी नहीं है, क्योंकि हर्ब ऑफ द ईयर का तमगा पाने के बाद पूरी दुनिया इस पर निवेश करने के लिए तैयार है। यही कारण है कि हल्दी अब केवल किचन का हिस्सा नहीं है, यह लैब और क्लीनिक का भी विषय बन गई है। इस साल हमें हल्दी के कई नए उत्पाद देखने को मिलेंगे। जैसे- दुनिया की कई फार्मा कंपनियां, हल्दी आधारित इम्यूनिटी शॉट्स जैसा प्रोडक्ट लाने की तैयारी में हैं। स्किन केयर में हल्दी अब पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण हर्ब मान ली गई है और इस साल दर्जनों स्किन केयर क्रीम हल्दी को लेकर आएंगी। स्पोर्ट्स न्यूट्रिएंट्स में भी अब हल्दी का भरपूर यूज किए जाने की उम्मीद है। माइक्रो-डोज, कैप्सूल, चाय आदि के नए रूपों में भी हल्दी सामने आ सकती है। *



## खबर संक्षेप


सहायक कमांडेंट सतीश यादव को स्टार लगाते वरिष्ठ अधिकारी।

### सतीश पदोन्नति होकर बने सहायक कमांडेंट

**मंडी अटेली।** गांव चंदपुरा निवासी इंस्पेक्टर सतीश यादव की सहायक कमांडेंट के पद पर पदोन्नति हुई है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारी व साथियों ने नवनियुक्त सहायक कमांडेंट सतीश यादव काफूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। पदोन्नति के बाद सतीश यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों व स्टाफ का आभार व्यक्त किया। सतीश यादव 1987 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओपन भर्ती में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। इसके 1991 में एएसआई, 2005 में सब इंस्पेक्टर, 2017 में इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति हुए। सतीश यादव के पिता स्वर्गीय रोशनलाल ने भी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवाएं दी थी। वहीं उनके बेटे राहुल यादव भी भारतीय वायुसेना में वॉलीबॉल खेलते हुए देश का नाम कर रहे हैं। गत वर्ष मध्यप्रदेश में सतीश यादव को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अनुकरणीय सेवा व ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने पर राष्ट्रपति की तरफ से प्रदत्त अति उत्कृष्ट सेवा पदक बल के महानिदेशक की ओर से प्रदान किया गया था।

### एनएसएस शिविर का समापन

महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। जिसमें यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस सात दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक जागरूकता रैली, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना रहा। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रामपाल व एनएसएस अधिकारी अनूप यादव ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी और सभी स्वयंसेवकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह यादव मौजूद थे।

### पर्यावरण और कृषि विज्ञान से जुड़ी जानकारी दी

**कनीना।** धरती बचाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केवीके महेंद्रगढ़ के डॉ. राजपाल, कनीना कृषि विभाग से डॉ. मनीषा व डॉ. अरविंद ने किसानों को पर्यावरण व कृषि विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस समारोह में नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा, वाइस चेयरमैन सूबेसिंह व पार्षद मनोज उपस्थित रहे।

### बुचौली सरपंच की दादी सास का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचौली की सरपंच अलका यादव पत्नी अरविंद मोहन की दादी मां मूर्ति देवी का आकस्मिक निधन हो गया। वो 82वर्ष की थी।



उनका अंतिम संस्कार बुधवार को गांव बुचौली के श्मशान घाट में किया गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र सतबीर, धर्मवीर, रणबीर फौजी, एक पुत्री, पांच पोते, एक पोती, दो पड़पोता सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गई है। उनकी अंतिम यात्रा में सुरेश थानेदार राता, नरेश, पवन, संजय, धर्मवीर, समाजसेवी मुकेश चौहान, अशोक चेयरमैन सहित सभी रिस्तेदार एवं अन्य लोग शामिल हुए।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की आवश्यक बैठक सम्पन्न

# डॉ. आंबेडकर भवन के अधूरे पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना मुख्य उद्देश्य

बैठक में समिति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विचार-विमर्श करते नवनियुक्त प्रधान व कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को डॉ. अंबेडकर भवन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त प्रधान पन्नीलाल व महासचिव प्रेम प्रसाद सिरोहा ने की। बैठक में समिति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना तथा डॉ. आंबेडकर भवन के अधूरे पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना है। उन्होंने समिति को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि ऐसे निराधार प्रचार से प्रभावित हुए बिना संस्था के हित में सकारात्मक कार्य करना ही हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में सभी सदस्यों ने खुलकर अपने विचार रखे। गहन मंथन के पश्चात सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी को समाज की एकजुटता और परिपक्व सोच का परिचायक बताया गया। समाज की यह स्पष्ट इच्छा थी कि ऐसी कार्यकारिणी का गठन हो, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और निस्वार्थ भाव से समाजहित में कार्य करे। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य फोकस शिक्षा के क्षेत्र में रहेगा, ताकि डॉ. आंबेडकर भवन के माध्यम से वंचित व जरूरतमंद वर्गों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जा सके। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी ने समाज के विश्वास को और अधिक सशक्त किया है। नवनियुक्त प्रधान पन्नीलाल ने कहा, वह समाज को विश्वास दिलाता हैं कि आप सभी के भरोसे को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। डॉ. अंबेडकर भवन के विकास व उसकी गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते आए हैं और करते रहेंगे।

**कार्यकारिणी का गठन सम्मानजनक**

बैठक में कहा कि समाज द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया जाना एक साहसिक एवं सम्मानजनक पहल है। यह एकजुटता वर्तमान प्रशासक एवं पूर्व सीएमओ डॉ. ओपी आर्य की प्रभावशाली, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित कार्यशैली का परिणाम है। समाज उनकी निःस्वार्थ सेवा भावना से अत्यंत प्रभावित है। भवन निर्माण कार्य में उनका व्यक्तिगत सहयोग तथा प्रशासक नियुक्ति के दौरान वेतन-भत्तों के रूप में मिलने वाली लगभग 10 लाख रुपये की राशि का त्याग करना उनके सच्चे समाजसेवी होने का प्रमाण है, जो निस्संदेह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए समाज एकजुट होना अति आवश्यक है।


नारनौल। नावदी जनसभा को सम्बोधित करते बसपा नेता अतरलाल।

# मांगों को लेकर नावदी में हुई बसपा की जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अटेली हलके की मांगों को लेकर नावदी गांव में बहुजन समाज पार्टी की ओर से जनसभा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट थे। जनसभा में सर्वसम्मति से आठ प्रस्ताव पास कर हरियाणा सरकार से अटेली को उपमंडल बनाने, दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने, हलके में आईएमटी स्थापित करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनाने, अटेली उप नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा करने, लाडो लक्ष्मी योजना की शर्तें हटाकर सभी महिलाओं को 2100 रुपये प्रति महीने देने, अटेली में सीएसडी कैंटीन बनाने, किसानों की दिन में 10 घंटे रोजाना बिजली देने की मांग की गई। जनसभा को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार अटेली को उपमंडल बनाने में भेदभाव कर रही है। अटेली उपमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करती है, इसके बावजूद भी हरियाणा सरकार अटेली की अनदेखी कर रही है। इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सतत मजबूत संघर्ष करके हक लिए जाएंगे। उन्होंने एक महीने तक अटेली तहसील के 54 गांवों में जनसभा, धरना प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना में शर्तें लगाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे 80 प्रतिशत महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हो गई हैं।

**ये रहे मौजूद**

जनसभा में राजेश कुमार, भगवान सिंह, जोगेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, कर्मवीर, अशोक, रोशनलाल, महावीर, जगदीश प्रसाद, सुनील, प्यारेलाल, राजाराम, हरीश, कैलाश, कर्णसिंह, लालाराम, देशराज, सतबीर, सूरज सिंह, चिथरराम, मनफूल आदि उपस्थित थे।

# आरती व सिमरन को मिला बेस्ट स्वयंसेवक का खिताब


नांगल चौधरी। एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. दिनेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हो गया। समारोह में स्वयंसेवकों को गांवों में नियमित रूप से स्वच्छता अभियान व सामाजिक कुरीतियां मिटाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक रही आरती कुमारी व सिमरन कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी सावित्री देवी ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को स्वच्छता बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने, साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। शहर के विभिन्न वार्डों में रैली निकालकर लोगों को दहेज प्रथा, बाल विवाह व लिंग जांच रोकथाम का संदेश दिया। कैंप की विभिन्न गतिविधियों में स्वयंसेवक आरती कुमारी व सिमरन कुमारी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है।

## पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**महेंद्रगढ़।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति महिलाओं एवं युवाओं के ज्ञान व कौशल का उन्नयन कर पशुधन उत्पादकता में वृद्धि विषय पर गांव नांगल सिरोही में आयोजित पांच दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के दिशानिर्देशन व निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रशिक्षण संयोजक हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र रिवासा के विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्र सिंह यादव की ओर से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति वर्ग की 40 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। समापन समारोह में प्रतिभागी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर विशेष तौर पर रिटायर्ड पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रमेश कुमार, रिटायर्ड पशु चिकित्सक डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह यादव, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. रमेश कुमार आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# सरस्वती स्कूल के स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

**बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए**

- पांचवें दिन योग प्रशिक्षण कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। सिलारपुर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक।

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के स्वयंसेवकों ने सिलारपुर गांव में स्वच्छता रैली निकाली। ग्रामीणों को योगासन कराए तथा मौसम जनित बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की। जिसमें संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने स्वयंसेवकों को नियमित रूप से गांवों में स्वच्छता जागरूकता सेमिनार लगाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 80 फीसदी बीमारियां दूषित वातावरण में पनपती हैं, जिनके इलाज पर आमदनी का 70 हिस्सा खर्च होता है। बावजूद लोगों को शारीरिक और मानसिक परेशानियों से राहत नहीं मिलती। विभागीय निर्देशानुसार आयोजित सात दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने सिलारपुर गांव में योग प्रशिक्षण कैंप लगाया। जिसमें ग्रामीणों को रोजाना एक घंटे योग करने का संदेश दिया। इसके बाद गांव के सभी वार्डों में स्वच्छता रैली निकाली गई। एनएसएस प्रभारी सुनील यादव ने मौसम जनित बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए।

## स्वयंसेवकों ने दिया जल संरक्षण का संदेश



**नारनौल।** राजकीय परिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में आयोजित सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण का उपयोगी संदेश दिया। प्रभात फेरी निकालने के बाद स्कूल परिसर में श्रमदान किया गया। इसके बाद जल संरक्षण के महत्व को समझने के लिए गांव के जल स्रोतों का भ्रमण किया गया। व्याख्यान सत्र में स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण पर बताया। इंचार्ज धर्मसिंह ने शिविर के सफल संचालन के लिए सभी का धन्यवाद किया। यह कैंप स्वयंसेवकों के लिए बहुत ही उपयोगी रहा। इससे स्वयंसेवकों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस मौके पर समाजसेवी छाजूराम रावत, अमर सिंह पंच आदि उपस्थित थे।

## स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन के सातवें दिन मुख्य अतिथि पूर्णमल सरपंच, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य निजामपुर प्रतिनिधि राजीव मास्टर ने वॉलिंटियरों को समाजसेवा व देश की सेवा, सफाई करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के कार्य करने से व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस प्रभारी सीमा सामरिया ने की। कैंप के दौरान बेस्ट वॉलिंटियर्स नीतू कुमारी व कपिल को सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रवेश यादव ने किया। विद्यालय की प्राचार्या कैलाश यादव ने अतिथियों व एनएसएस प्रभारी को विद्यालय की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता आरएस भोपा, मक्खनराम मुक्कड़, मालाराम, प्रवीन भाटी, प्रेम देवी, दया देवी उपस्थित रहे।



# संजय व प्रियंका रहे सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक


नारनौल। शिविर समापन पर स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या प्रोमिला यादव के मार्गदर्शन में आयोजित एनएसएस का सात दिवसीय शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान रेखा यादव थी। मंच संचालन विद्यालय के स्वयंसेवक पिंटू ने किया। स्वयंसेवक प्रियंका व प्रिया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवा के उद्देश्यों व महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विपिन व संजय ने लघु नाटिका प्रतुत किया। स्वयंसेवक पिंटू व प्रियंका ने शिविर के अनुभव साझा किए। प्रवक्ता राजसिंह यादव ने कहा कि एनएसएस की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रवक्ता अनिल कुमार व गजानंद ने गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अंत में शिविर में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि रेखा यादव व प्राचार्या प्रोमिला यादव ने संजय को सर्वश्रेष्ठ छात्र व प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ छात्रा स्वयंसेवक का पुरस्कार प्रदान किया। शिविर प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद**

राकेश यादव, मनोज कुमार, अजय शर्मा, अजय यादव, साकेत यादव, आशा, बीनू, मनीष चौधरी, फूलचंद, रोहताश उपस्थित रहे।

### सिहमा स्कूल में आयोजित एनएसएस कैंप सम्पन्न

**मंडी अटेली।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सिहमा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवक संध्या व अंकित को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य कृष्ण कुमार ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा के प्रति प्रेरित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै गुरुदयाल पुत्र साधुराम वासी ग्राम रामबास तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र स्वराज मेरे कहने सुनने से बाहर है और आए दिन लडाई–झगडा करता रहता है। इसलिए मै उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सरपंचों से गांवों में सामाजिक भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील

# सुरक्षा, नशामुक्ति को लेकर पुलिस और सरपंचों की बैठक, ठीकरी पहरे पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। सरपंचों के साथ बैठक करते प्रबंधक भगत सिंह। फोटो : हरिभूमि

थाना नांगल चौधरी प्रबंधक निरीक्षक भगत सिंह ने क्षेत्र के गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और पुलिस पब्लिक के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाना था।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सरपंचों से गांवों में सामाजिक भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा उपायों पर चर्चा करते हुए निरीक्षक भगत सिंह ने गांवों में ठीकरी पहरा लगाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि रात के समय ठीकरी पहरा लगाने, स्ट्रीट लाइटों की उचित व्यवस्था करने व प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने से चोरी, झगड़ों और अन्य आपराधिक गतिविधियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

**नशे के दुष्प्रभाव के प्रति करें जागरूक**

थाना प्रभारी ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे अपने गांव के प्रत्येक व्यक्ति को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें, ताकि युवा पीढ़ी को इस दलदल से बचाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गांव में नशीले पदार्थ बेचने वालों या तस्करी करने वालों की गुप्त सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशा न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह शरीर और भविष्य दोनों के लिए हानिकारक है। क्षेत्र में अमन शांति और नशामुक्ति के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले, अवैध हथियार रखने वाले और जुआ खेलने वालों की जानकारी भी पुलिस के साथ साझा करने की अपील की, ताकि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। अंत में मौजूद सभी सरपंचों ने पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपने गांव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने व ठीकरी पहरा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे।

**The Mohindergarh District Cooperative Labour & Construction Fed. Ltd. Narnaul**

**चुनाव सूचना**

दी महेंद्रगढ जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लि. नारनौल के सभी अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि प्रसंघ के वर्तमान निदेशक मण्डल का कार्यकाल दिनांक 18.02.2026 को समाप्त होने जा रहा है। प्रसंघ के अगले निदेशक मण्डल के चुनाव हेतु प्रसंघ की जोनल कमेटी द्वारा अपनी बैठक दिनांक 06.01.2026 में प्रस्तावित जोनल सूचियों को अन्तिम रूप से अनुमोदित कर लोटस ऑफ ड्रा द्वारा 4 जोनों (जोन नं. 1 पिछडा वर्ग, जोन नं. 4 व 5 महिला वर्ग, जोन नं. 6 अनुसूचित वर्ग) को आरक्षित कर दिया है। इन अन्तिम रूप से अनुमोदित व आरक्षित जोनल सूचियों को दिनांक 08.01.2026 से निम्न स्थानों पर प्रदर्शित किया जा रहा है :–

1 उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, भिवानी कार्यालय
2 सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, नारनौल व महेंद्रगढ कार्यालय
3 दी महेंद्रगढ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. महेंद्रगढ व शाखा नारनौल में
4 प्रसंघ के हाउसिंग बोर्ड नारनौल में स्थित कार्यालय में

अतः हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 21 व उसके तहत बने नियमों के अनुसार आप अपनी समितियों से चुनाव में भाग लेने व वोट डालने हेतु प्रतिनिधि नामजद करके 30 दिन के अन्दर–अन्दर प्रस्ताव की प्रति संबंधित हल्का निरिक्षक से सत्यापित करवाकर जिला प्रसंघ के कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

Manager
The Mahendergarh Distt. Co.Op. Labour & Construction Fed, Ltd. Narnaul

### नगर पालिका सफाई कर्मचारियों का धरना छठे दिन भी जारी

# डीएमसी का आश्वासन...10 दिन में खाते में होगा एरियर, नहीं माने कर्मी

■ डीएमसी ने कर्मचारियों से की मुलाकात, 10 दिन का दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और नालियां अवरुद्ध हो गई हैं। लोग सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। बिगड़ती सफाई व्यवस्था के बीच डीएमसी रणवीर सिंह नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और 10 दिन का समय मांगा। डीएमसी ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर जांच कर एरियर उनके खातों में डाल दिया जाएगा।

हालांकि, सफाई कर्मचारी इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनके छह साल (2017 से लंबित) का एरियर उनके खातों में नहीं डाल दिया जाता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। डीएमसी रणवीर सिंह ने कहा कि 10 दिन के अंदर इनका एरियर दे दिया जाएगा। नगर पालिका सचिव से मेरी बातचीत हो गई है। बता दें कि महेंद्रगढ़ में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी धरने पर बैठने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। छह दिन से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और आवासीय इलाकों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नियमित रूप से होने वाली कचरा उठाने और नालियों की सफाई का काम ठप पड़ गया है। हालांकि नगर पालिका की ओर से पक्के व एचकेआरएन के कर्मचारी सफाई के कार्य में लगाए हुए, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण पहले की तरह सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं हो रहीं हैं।


महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### कई बार मिला झूठा आश्वासन

सफाई कर्मचारी प्रधान पूर्ण सिंह ने बताया कि वे दो जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं क्योंकि उन्हें 2017 से एरियर नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि वे चार महीने पहले विधायक कंवर सिंह यादव से भी मिले थे, जिन्होंने 10 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ा। पूर्ण सिंह ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों के सफाई कर्मचारियों को एरियर मिल चुका है, जबकि महेंद्रगढ़ के कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिला है। नगर पालिका प्रशासन की कमी और झूठे वादों के कारण वे इस लाभ से वंचित हैं। काफी बार वे अधिकारियों से इस बारे में बात कर चुके हैं, लेकिन हर बार झूठा आश्वासन दिया जाता है। इस मौके पर सफाई यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार, धीरज, रिंकू, शम्मी, सुमित, राजेश, नसीब, विनोद, देवानंद, दीपक, सूबेसिंह, राहुल, गुलशन, चांदराम, सन्नी, घनश्याम, आशु, सुंदर, सुंडाराम, पंकज, राहुल, कविता, आरती, विष्णु, राजकुमार सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बकाया एरियर की मांग: नप सफाई कर्मचारियों का बेमियादी धरना जारी


नारनौल। प्रदर्शन करने नगर परिषद सफाई कर्मचारी तथा मंडी अटेली में हड़ताल पर बैठे नगर पालिका सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दुसरे दिन भी बुधवार काम छोड़ हड़ताल की। बता दें कि 2017 से 2023 तक का छह साल का बकाया एरियर की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को काम छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इस अवसर पर प्रदर्शन की अध्यक्षता हुए जिला प्रधान राहुल सरवन ने कहा कि जब तक एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक काम छोड़ हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आठ अगस्त 2025 को नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी व अधिकारीगण के कर्मचारीयों के बीच बैठकर बातचीत हुई थी। जिसमें आश्वासन दिया गया कि कर्मचारियों का एरियर 15 दिनों के अंदर उनके खाते में डाल दिया जाएगा, जबकि इस बातचीत को आज लगभग पांच महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक एरियर नहीं दिया गया। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। जिसके चलते कर्मचारियों ने हड़ताल करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद नगर परिषद प्रशासन व कर्मचारियों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उसमें कोई समाधान नहीं निकला। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिन महेंद्र बोयत, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगेलिया, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, महावीर प्रसाद, रमेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, विक्रांत, निरंजन, प्रताप सिंह, भीमसिंह, राजेश, मनोज, आशु, अमित, विजय आदि मौजूद थे।

#### अटेली नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल जारी

मंडी अटेली। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने बकाया राशि को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया गया। कूड़े का उठान न होने से पूरा शहर कूड़े में अटा नजर आने लग गया है। सफाई कर्मचारियों ने पुरानी नगर पालिका के बाहर नारेबाजी करते हुए सरकार का विरोध किया। सफाई कर्मचारियों ने कहा जब तक उनकी बकाया राशि व प्रमुख मांगें नहीं मानते, तब तक धरना प्रदर्शन व हड़ताल जारी रहेगी। सफाई कर्मचारी धरने पर होने के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे जगह जगह गंदगी के ढेर लग गए है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के अनाज मंडी के पीछे, नये बस स्टैंड, रेलवे रोड, बाजार के मुख्य रास्ते सहित अन्य स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हुए है।

## खबर संक्षेप

### धर्मबीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद घोषित



मंडी अटेली। भिवानी महेंद्रगढ़ के विकास को नए आयाम देने वाले सांसद धर्मबीर सिंह ने एक बार फिर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्य क्षमता का लोहा मनवाया है। इस मौके पर सांसद को बधाई देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय ने बताया कि फेम इंडिया एशिया पोस्ट की ओर से की गई ताजा सर्वे में रेडमैन धर्मबीर सिंह को देश के कुल 794 सांसदों में से सर्वश्रेष्ठ मजबूत सांसद चुना गया है। सांसद धर्मबीर सिंह का चयन यह साबित करता है कि यदि प्रतिनिधि निष्ठा से कार्य करें, तो उसकी गूंज दिल्ली के गलियारों तक सुनाई देती है। यह गौरव केवल सांसद रेडमैन का नाम नहीं, बल्कि पूरे भिवानी महेंद्रगढ़ की जनता का है।

### रावमा विद्यालय में एनएसएस कैंप सम्पन्न

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेका में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैम्प बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए कैम्प में स्वयंसेवकों ने दैनिक क्रिया-कलाप, योगासन प्राणायाम, प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह से हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय में सभी कक्षा कक्ष की सफाई की। एडवोकेट धर्मेश जोशी ने स्वयंसेवकों का कानूनी ज्ञानवर्धन किया। प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने मंच संचालन करते हुए स्वयंसेवकों को प्रेरणादाई बातें बताई। इस मौके पर प्राचार्य महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, सत्यवान सिंह, हिम्मत सिंह, हनुमान प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान में भूमिका निभाएं स्वयंसेवक: बचनाईनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

गांव सुरेहती पिलानिया स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य योगी बचनाईनाथ ने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन को समाज के प्रति समर्पित करने की प्रेरणा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज की समस्याओं के समाधान में आगे बढ़कर भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि कै. रामकुवार आर्य ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का महत्व बताया। एनएसएस प्रभारी विजय कुमार पारीक ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्य के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. संगीता के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में प्रिया पिलानिया व रिंकू पिलानिया को बेस्ट स्वयंसेवक चुना गया गया। इस मौके पर पूर्व नायब तहसीलदार मीरसिंह, पूर्व एसएमसी प्रधान सुबेसिंह सिंह, सरपंच राजेंद्र सिंह, रजनेश, मंजू, सुनील शर्मा, पवन कुमार उपस्थित रहे।


सतनाली मंडी। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

■ राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में मनाया जाएगा कार्यक्रम

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

आगामी 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। एसडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत तरीके से राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से संपन्न किया जा सके। समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरूआत प्रातः 09:50 बजे शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके पश्चात 09:58 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा और ठीक 10 बजे ध्वजारोहण व राष्ट्रगान होगा। कार्यक्रम के अगले चरणों में मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण और जनता के नाम संबोधन होगा। इसके बाद मार्च पास्ट और विभिन्न विभागों की झाकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा प्रातः 11:30 बजे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा।


कनीना। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# मोहल्ला फ्रांसखाना में किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मोहल्ला फ्रांसखाना नजदीक श्याम मंदिर के पास अनिल कुमार सोनी के निवास पर सुंदरकांड पाठ किया गया। आचार्य अश्वनी शर्मा ने यजमान से श्री गणेश व नवग्रह पूजा करवा बाबा की ज्योत प्रज्वलित करवाई। गणेश वंदना, हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। राजेश सोनी ने बाबा का भव्य दरबार फूलों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर गौरीशंकर शर्मा, संजय शर्मा, विजय हल्दिया, राकेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, काशीराम सैनी, नवीन जैन, चंचल संघं, नवीन बंसल आदि ने चौपाइयों का गायन किया। मंडल के कोषाध्यक्ष नवीन बंसल ने स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर मास्टर गौतम, बिशन सोनी, उमाशंकर सोनी, रामानंद सैनी, कालू सोनी, प्रवेश अग्रवाल, चिंटू गुप्ता, प्रवीण चौधरी, नवीन भालोठिया, कालूराम, नवीन जैन, दीपक आदि मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, राष्ट्र सेवा एवं सामाजिक चेतना का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। शिविर की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से नशा मुक्ति, राष्ट्र सेवा एवं सामाजिक चेतना का संदेश दिया। इसके उपरांत सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. योगेंद्र कुमार ने सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. योगेंद्र कुमार ने समाज में आपसी सौहार्द, समानता एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवीण गॉड ने शिविर में अनुशासन, सेवा भावना एवं सक्रिय सहभागिता के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए।



महेंद्रगढ़। शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### बाल विवाह रोकने पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

नारनौल। जिले में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए इसके लिए विशेष नजर रखी जा रही है। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा की टीम की विशेष नजर रहेगी। खासतौर पर बाल विवाह अथवा इससे जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि पर नजर रखने के लिए टैण्ट हाउस संचालकों, फोटोग्राफर, डीजे साउंड, बैंड बाजा वालों, ब्यूटी पार्लर, धर्मशाला संचालकों, मैरिज पैलेस व कार्ड प्रिंटिंग मशीन संचालकों से सहयोग के लिए कहा गया हैकि वह ऐसे किसी भी कार्यक्रम में न तो भाग लें और इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। अपने अपने दायरे के साथ विवाह में लड़का व लड़की के जन्म से सम्बंधित कागजात मंगवा कर देखें। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष से कम व लड़की की आयु 18 वर्ष से कम पाई जाती है, तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलेगा सूर्य नमस्कार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा में योग को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार का महोत्सव एक महीने तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ होकर 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलेगा। इसी कड़ी में आयुष विभाग की ओर से योग सहायकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, ताकि अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। यह जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला ने बताया कि अभियान के तहत जिले को न्यूनतम एक लाख पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया है तथा 100 प्रतिशत गांवों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मास्टर ट्रेनर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जो विद्यालयों, महाविद्यालयों और योगशालाओं में सूर्य नमस्कार अभ्यास सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन 10 से 15 मिनट में छह आवर्ती चक्रबद्ध सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा जो प्रतिभागी व संस्थाएं लगातार छह दिन अभ्यास कर वेबसाइट पर अपडेट करेंगे।


नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### दयानगर में हुआ सुंदरकांड पाठ

नारनौल। धार्मिक संस्था श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात निजामपुर रोड स्थित दयानगर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जितेंद्र शर्मा व हिमांशु कौशिक ने यजमान खेमचंद शर्मा, मनीष शर्मा व भुनेश शर्मा से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें महेश शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, राकेश कौशिक, दिनेश बारी व सुरेंद्र सैनी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। जिसमें गौरव म्यूजिकल ग्रुप के मास्टर सुनील ने संगीत की धुन से चार चांद लगा दिए। गायक यश ने आसरो बालाजी म्हाने थारो थे कष्ट निवारो व अजय शर्मा ने मैं के बोलू बालाजी थाने सब बांता का बेरा आदि भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वैद्यकिशन वशिष्ठ, पवन शुक्ला, प्रेम शर्मा, खेमचंद शर्मा मौजूद रहे।

### रेल सेवा समिति प्रधान ने जीआरपी को पत्र लिख की आवश्यक कार्रवाई की मांग

# रात के समय ट्रेनों में बोगियों के गेट नहीं खुलने से यात्री हो रहे परेशान

यात्रियों को वर्तमान में अत्यंत गंभीर समस्या का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

सतनाली रेलवे स्टेशन पर रात्रि में रुकने वाली ट्रेनों में बोगियों के गेट न खुलने से यात्री परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सुबह लगभग 3:55 बजे श्रीगंगानगर से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन सतनाली रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है, लेकिन कई बार बोगियों के गेट नहीं खोले जाते। इसके कारण प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा कर रहे यात्री ट्रेन में चढ़ नहीं पाते और उनकी ट्रेन छूट जाती है। रेल सेवा समिति सतनाली के प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने यात्रियों को हो रही इस समस्या को लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज लोहारू को पत्र लिखकर समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि सतनाली रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को वर्तमान में एक अत्यंत गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल यात्रियों की यात्रा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। प्रातः लगभग 3:55 बजे श्रीगंगानगर से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन सतनाली रेलवे स्टेशन पर आती है। इस ट्रेन में यह नियमित रूप से देखने में आ रहा है कि बोगियों के गेट नहीं खोले जाते, जिसके कारण स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्री ट्रेन में चढ़ ही नहीं पाते और उनकी ट्रेन छूट जाती है। स्थिति यह है कि ट्रेन के अंदर पीछे की ओर से आने वाले यात्री, बाहर खड़े यात्रियों की ओर से बार बार आवाज देने के बावजूद भी अंदर से दरवाजा नहीं खोलते। जैसे जैसे ठंड बढ़ रही है, यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है।



सतनाली मंडी। सतनाली रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

#### दरवाजा न खुलने के कारण छूट जाती है ट्रेन

इसके अतिरिक्त अर्धरात्रि में साप्ताहिक कामाख्या एक्सप्रेस भी सतनाली रेलवे स्टेशन पर आती है तथा हाल ही में सैनिक एक्सप्रेस के सतनाली ठहराव की भी घोषणा हो चुकी है, जो कि रात्रिकालीन ट्रेन है। यदि इन ट्रेनों में भी बोगियों के गेट नहीं खोले गए, तो यात्री यात्रा कैसे कर पाएंगे। यह एक गंभीर प्रश्न है। बहुत से यात्री अत्यंत आवश्यक कार्यों, इलाज, ड्यूटी अथवा अन्य मजबूरियों के कारण यात्रा करते हैं। ऐसे में यदि केवल दरवाजा न खुलने के कारण उनकी ट्रेन छूट जाती है, तो इससे बड़ी विडंबना तथा यात्रियों के साथ इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है। उन्होंने संबंधित रेलवे स्टाफ व एस्कॉर्ट को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर सभी आवश्यक बोगियों के गेट अनिवार्य रूप से खोलने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# जौरासी धाम में प्रस्तावित श्रीराम कथा से समाज को कुरीतियां मिटाने व परोपकार का मिलेगा संदेश

■ सात दिवसीय कथा वाचन समारोह में 100 से अधिक मठों के मठाधीश व दिग्गज राजनेताओं की रहेगी उपस्थिति

■ तैयारियों में जुटी आर्यव्रत सेवा संस्था व अन्य श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

अमरपुर जौरासी धाम पर 23 जनवरी से 30 जनवरी तक श्रीराम कथा होगी। कथा का वाचन पदमविभूषण स्वामी श्रीरामभद्राचार्य करेंगे। कार्यक्रम में 100 से अधिक मठाधीश व दिग्गज राजनेता उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

आर्यव्रत सेवा व्यास के संस्थापक व उद्योगपति विनीत पिलानिया समारोह में बतौर संयोजक मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी गोरक्षक सुधीर चौधरी ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व की सिरमौर है। जिसमें समस्त जीव जंतु तथा जनसेवा भावना का समावेश है, लेकिन बीते 15 से 20 सालों से पश्चिमी देशों की संस्कृति का वर्चस्व बढ़ गया। जिसके प्रभाव से समाज में संगीन अपराध व अराजकता का माहौल उत्पन्न हो गया। समाधान के लिए धार्मिक ग्रंथों का प्रचार व धार्मिक अनुष्ठानों को प्राथमिकता देना जरूरी है।

इसी मकसद से आर्यव्रत सेवा व्यास संस्था के प्रधान विनीत पिलानिया ने जौरासी धाम पर श्रीराम कथा आयोजन का निर्णय लिया है। सात दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन भगवान शिव विवाह पर कथा वाचन होगा, दूसरे दिन श्रीराम जन्म व तीसरे दिन बाल लीलाओं पर व्याख्यान किया जाएगा। चौथे सीताराम विवाह, पांचवें दिन वन प्रस्थान व केवट चरित्र का वर्णन किया जाएगा। छठे दिन शबरी प्रेम व हनुमंत चरित्र से श्रद्धालुओं को अवगत कराएंगे। सातवें दिन रावण वध व श्रीराम राजतिलक की लीला का उल्लेख करके कथा का समापन किया जाएगा।

सात दिवसीय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को भंडारा व आवासीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि करीब एक महीने से कथा वाचन कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं तथा अगले पांच से सात दिन में सभी व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया जाएगा।